(Pages : 4) **P – 1370**

**Reg. No. : ..............................**

**Name : ..................................**

## Second Semester B.Com. Degree Examination, September 2022

### First Degree Programme Under CBCSS

### Language Course : Additional Language – Hindi

### HN 1211.2 — HINDI KAVITA, ANUVAD AUR PARIBHASHIK SABDAVALI

### (2020 Admission Onwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. निर्देश : एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. दिनकर की किस कृति को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

2. प्रसाद की अंतिम एवं प्रौढ़तम काव्य कृति।

3. कबीर की वाणियों के संग्रह का नाम क्या है?

4. Gazetted Officer - का हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

5. 'विधवा' किसकी कविता है?

6. 'इन हाथों की चंचल गति यह भी उसकी थी,
मैंने तो इनको निर्माल्य सा चढ़ाया था'? यह किस कविता की पंक्ति है? रचयिता कौन है?

7. कीर्ति चौधरी के बचपन का नाम क्या है?

8. सूरदास की अमरकीर्ती का आधार कौन सी रचना है?

9. 'भत्ता' का अंग्रेज़ी शब्द लिखिए।

P.T.O.

10. 'सबके ऊपर वह मनुष्य है

उसे चाहिए प्यार

चाहिए खुली हवा – यह किस कविता की पंक्तियाँ हैं? किसे प्यार एवं खुली हवा चाहिए?

**(10 × 1 = 10 Marks)**

II. **किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।**

11. जयशंकर प्रसाद का परिचय दीजिए।

12. 'वह टूटे तरु की छूटी लता सी दीन' – यह किस कविता की पंक्ति है? 'छूटी लता' से तात्पर्य क्या है?

13. 'पदोन्नति' और 'सलाहकार परिषद्' का हिंदी रूप क्या है?

14. सूरदास की प्रमुख रचनाएँ क्या-क्या हैं?

15. 'जाके मुंह माथा नहीं, नहिं रूप कुरूप।

पुहुप बास पातरा, ऐसा तत्व अनूप' अर्थ स्पष्ट कीजिए।

16. नायिका के घर के आसपास के लोग पूर्णमासी की सही तिथि के लिए पन्ना देखता है क्यों?

17. Notification और Director के हिंदी रूप क्या हैं?

18. 'एकलव्य' कविता का सन्देश क्या है?

19. 'पत्राहीं तिथि पाइयत वा घर के चहुँ पास।

नितप्रति पून्यौई रहै आनन् ओप उजास'। अर्थ स्पष्ट कीजिए।

20. मानव जन्म की दुर्लभता के संबंध में कबीर की राय क्या है?

21. एकलव्य का समर्पण भाव स्पष्ट कीजिए।

22. 'घर-घर में श्मशान घाट है

घर-घर में फाँसी घर हैं

घर-घर में दीवारें हैं

दीवारों से टकराकर गिरती है वह' – अर्थ स्पष्ट कीजिए।

23. बिहारीलाल के मत में मनुष्य की और नल के पानी की दशा एक जैसी होती है क्यों?

24. आज की मानव-सृष्टि के प्रति सब नतमस्तक है क्यों?

25. भगवान कृष्ण को छोड़कर अंन्यत्र सुख नहीं मिलेगा। क्या-क्या उदाहरण देकर सूरदासजी ने इसे स्पष्ट किया है?

26. निराला का परिचय दीजिए।

**(8 × 2 = 16 Marks)**

III. निर्देश : किन्हीं छ: प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए। (प्रत्येक खंड से एक–एक सवाल का उत्तर अनिवार्य है)

**खंड - क**

27. 'विधवा' कविता में चित्रित नारी की दुर्दशा का वर्णन कीजिए।

28. 'यह मनुज' कविता में व्यक्त आधुनिक मानव का पैशाचिक रूप कैसा है?

29. 'एकलव्य' कविता का सारांश लिखिए।

30. 'साधू सीप समुंद के, सतगुर स्वाती बुंद।
तृषा गई इक बुंद ते, क्या लौ करो समुंद'। अर्थ स्पष्ट कीजिए।

31. कृष्ण वियोग में दुखी गोकुलवासियों का वर्णन कीजिए।

**खंड - ख**

32. हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

Joining date, Non official, Receipt, Quorum

33. हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

Estimate, Import, Coding, Draft

34. अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

निगम, मजूरा, कार्य समिति, रोकड़

**खंड - ग**

हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

35. Youth is imaginative and if the imagination be strengthened by discipline. This energy of imagination can in great measure be preserved throughout life. The tragedy of the world is that those who are imaginative have but slight experience and those who are experienced have feeble imaginations. Fools act on imagination without knowledge. Pedants act on knowledge without imagination. The task of a university is to weld together imagination and experience

(imaginative - कल्पनाशील, discipline - अनुशासन, preserved सुरक्षित)

36. Mahatma Buddha was born 2500 years ago. He was a great preacher of non-violence. He said that it is our duty to be kind to all. One day he saw an old man. Then he saw a dead man. At this he was pained at heart. He left his house and went to jungles to do penance. He remained there for six years and at last one day he got what he wanted. From that day, he was called 'Buddha'. He also preached a new religion called 'Buddhism'.

(Preacher - धर्मोपदेशक, Religion - धर्म, Penance - तपस्या)

## खंड - घ

अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

37. मनुष्य की आदतें बचपन में ही बनायीं जाती हैं। किसी पौधे को जैसी खाद और मिट्टी शुरू में दी जाती है, वह उसी का आदी हो जाता है। देश का भला इसी में है कि लोग बचपन ही से मेहनती बनाये जाएँ और उन्हें कमखर्ची और कुर्बानी के सबक सिखाये जाएँ। उन्हें वीरता के किस्से सुनाए जाएँ, जिससे छोटी उम्र में उनके कोमल हृदय में वीरता का पौधा उगने लगे। कुछ लोगों का मत है कि बच्चों को पूरी आज़ादी देनी चाहिए, किन्तु हम ऐसी आज़ादी के पक्ष में नहीं हैं, जिससे बच्चे पथ भ्रष्ट हो जाएँ। आज के बालक ही कल के नागरिक होते हैं। उन्हीं पर देशा का भविष्य निर्भर होता है। अत: उनको प्रारंभ से ही सीधी राह पर चलाना चाहिए अन्यथा बात बिगड़ जाने पर पश्चाताप के आंसू ही हाथ लगेंगे।

(कुर्बानी - sacrifice, आदत - habit, सबक - lesson)

38. मेरा जीवन सपाट समतल मैदान है जिसमें कहीं गढ़े तो है पर टीलों, पर्वतों और घने जंगलों और गहरी घाटियों का उसमें अभाव है। इसलिए जो पहाड़ों की सैर के शौकीन हैं वे एकदम उन्नति इसमें नहीं देख सकेंगे। मेरा जन्म 1888 ई को हुआ। पिता डाकखाने में क्लर्क थे और माता मरीज़ थी। उस समय वे चालीस रूपया माहवार पाते थे। यद्यापि वे जीवन पथ पर आँखें खोलकर चलनेवाले आदमी थे किन्तु आखिरी दिनों में एक ठोकर खा ही गए और स्वयं गिरते हुए उन्होंने मुझे भी गिराया। पंद्रह साल की अवस्था में उन्होंने मेरा विवाह कर दिया और साल भ बाद स्वर्ग लोक सिधारे। उन्होंने जो कुछ कमाया सब उनकी छ: महीने की बीमारी में खर्च हो गई।

(सपाट - flat, गढ़ - fort, ठोकर - to stumble, माहवार - month wise)

**(6 × 4 = 24 Marks)**

IV. **निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीव 250 शब्दों में लिखिए।**

39. आधुनिक भारत में जीती नारी की बदहालत का दिलकश चित्रण 'बंद खिडकियों' से टकराकर कविता में है। स्पष्ट कीजिए।

40. 'एकलव्य' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

41. सूरदास की कृष्ण भक्ति पर प्रकाश डालिए।

42. 'ले चल वहां भुलावा देकर' में चित्रित कवि का विचार स्पष्ट कीजिए।

43. 'विधवा' कविता की समीक्षा कीजिए।

44. 'यह मनुज' कविता का सारांश लिखकर सन्देश स्पष्ट कीजिए।

**(2 × 15 = 30 Marks)**